मुंबई पोर्ट ट्रस्ट

MUMBAI PORT TRUST

140th
प्रशासन रिपोर्ट

Administration Report
2018 - 2019

C O N T E N T S

PART -I	GENERAL & DESCRIPTIVE	PAGE NOS.
1	Chairman's Report	1 - 12
2	Board of Trustees 2018-19 Members of Traffic Committee 2018-19 Members of CSR Committee 2018-19	13 - 14
3	Management Team	15
4	Performance Highlights	16 - 18
5	Overview	19 - 23

PART -II	STATISTICAL /FINANCIAL TABLES	PAGE NOS.
1	Vital Port Statistics	
	A. Topography of Mumbai Port	24
	B. Storage Capacities at Port	25 - 26
	C. Berth Particulars	27
	D. Floating Craft	28
	E. Cargo Handling Equipment	29
2	Traffic handled according to Principal Commodities	30
3	Flag-wise distribution of cargo handled	31 - 36
4	Distribution of export cargo handled according to destination	37 - 38
5	Distribution of import cargo handled according to origin	39 - 42
6	Number and type of containers handled during the year	43
7	Number and size of ships called at the Port during the year	44
8	Performance of ships that left the Port after cargo operations during the year	45
9	Distribution of pre-berthing delay according to reasons	46
10	Distribution of non-working time at berth according to reasons	47
11	Berth Occupancy	48
12	Utilization of cargo handling equipment	49
13	Labour productivity	50
14	Container cargo and tare weight of containers handled	51
15	Commodity-wise export cargo received by different modes of transport	52
16	Commodity-wise import cargo dispatched by different modes of transport from the ports	53 - 54
17	Quantity dredged	55
18	Employment at Port- class-wise	56
19	Particulars of accidents	57
20	Financial Indicators	58
21	Capital expenditure on Major and Minor Schemes	59 - 60
22	Income and Expenditure Statement	61

PART -III	STATISTICAL / FINANCIAL STATEMENTS	PAGE NOS.
1	Principal items of Import Traffic (Docks and Bunders including 'overside') handled	62 - 64
2	Principal items of Export Traffic (Docks and Bunders including 'overside') handled	65 - 67
3	A - Type-wise number of wagons received/ despatched	68
	B - Traffic handled during the year and previous year	
4	Progress of Capital (Plan) works	69 - 75
5	Particulars of salaries/ wages and earning per employee	76 - 77
6	Particulars of SC/ ST Reservations	78
7	Particulars of strikes/ stoppages of work and man-days lost	79
8	Particulars of residential quarters	80
9	Occupation of Hughes Dry Dock	81
10	Revenue Account - Income under the various heads	82 - 83
11	Summary of Operating expenditure by Types	84 - 86
11A	Revenue Account - Expenditure under the various Heads	87 - 90
12	Summarised Revenue Account	91 - 92
13	Summarised Balance Sheet	93 - 94
14	Sources and Application of Funds	95 - 96
15	Approved outlay of Annual plans and the Actual Expenditure incurred	97
16	Performance Indicators	98 - 99
17	Output in long tons relating to datum lines of cargo handled by the departmental shore labour	100

PART -IV	CHARTS	PAGE NOS.
1.	Imports (Docks , Bunders & Streams)	101
	Exports (Docks & Bunders)	
2.	Total Income	102
	Total Expenditure	

खण्ड 'I'

PART 'I'

सामान्य और विवरणात्मक

GENERAL & DESCRIPTIVE

अध्यक्षजी की रिपोर्ट

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष की प्रशासनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने में मुझे बडी खुशी हो रही है.

2. मुंबई पोर्ट ट्रस्ट ने वर्ष 2018-19 में 60.59 दशलक्ष मेट्रिक टन की माल सम्हलाई की, जिसमें विगत वर्ष 2017-18 में सम्हाले गये 62.83 दशलक्ष मेट्रिक टन की तुलना में 3.57 प्रतिशत की मामूली कमी दर्ज की गयी है. इसके बावजूद भी पोर्ट ने माल सम्हलाई में निम्नलिखित उपलब्धियाँ हासिल की है.

वर्ष 2018-19 के दौरान उल्लेखनीय उपलब्धियाँ

- विश्व का सबसे लंबा सीसीआर रिएक्टर, जिसकी लंबाई 95 मीटर, वजन लगभग 703 टन गोदरेज़ प्रोसेस इक्विपमेंट, गोदरेज़ एण्ड बॉयस मैनु.कं.लि. की सहयोगी विभाग के लिए एमवी "हैपी स्काई" पर 21,इंदिरा गोदी पर नाईजीरिया की मेसर्स डंगोटे रिफायनरी हेतु लदान करके निर्यात किया गया.

- "मेक इन इंडिया" अभियान में योगदान देकर ऑस्ट्रेलिया के लिए 15 जहाज़ों पर प्रत्येकी 46,077 टन वजन के 182 मेट्रो कोचों का लदान किया गया, जो एक वर्ष में किये गये मेट्रों कोचों के किये गये अधिकतम लदान है.

- नौभार सम्हलाई के अतिरिक्त मुंबई पोर्ट ट्रस्ट क्रुज़ पर्यटन (अंतरराष्ट्रीय तथा अंतरदेशीय दोनों) को प्रोत्साहन देता है. वर्ष 2018-19 के दौरान 58858 यात्रियों सहित 42 अंतरराष्ट्रीय जहाज़ मुंबई पोर्ट में आए.

- घरेलू कंटेनर टर्मिनल का 20.10.2018 को उद्घाटन किया गया. प्रारंभिक मुंबई पोर्ट ट्रस्ट ने 15, विक्टोरिया डॉक तटीय नगर भाग से गोवा के लिए घरेलू क्रुज़ को बढावा दिया है.

- अंतरदेशीय क्रुज़ जहाज़ "आंग्रिया" जिसने दि.24.10.2018 से अपना प्रचालन शुरु किया था, उसने मुंबई पोर्ट में 64 बार प्रवेश किया तथा वर्ष दौरान 27899 यात्रियों की सम्हलाई की.

- मुंपोट्र के इतिहास में पहली बार बारामती तथा राहूरी से (महाराष्ट्र में) प्राप्त दो पूर्ण रेकों की एक साथ गोदी में सम्हलाई की गई ताकि कच्ची चीनी का निर्यात नियत समय-सीमा में किया जा सके. रेकों को 9.00 घटों की निशुल्क अवधि में खाली कर मुक्त किया गया.

- दि.15.1.2019 को एक दिन में 7,004 मेट्रीक टन बल्क में चीनी का लदान करके सर्वोच्च पोत लदान की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है.

<u>वर्ष 2017-18 की तुलना में वर्ष 2018-19 के लिए कार्यक्षमता प्राचल</u>

(क) पोर्ट में आये जहाजों की संख्या 5849 थी जब कि वर्ष 2017-18 में यह 5756 थी. जो विगत वर्ष से 1.6% अधिक है.

(ख) औसत बर्थिंग पूर्व अवरोध (पत्तन खाता) (दिनों में) 0.01 था जब कि वर्ष 2017-18 में यह 0.59 था. इसमें विगत वर्ष से 98.30% का सुधार हुआ है.

(ग) जहाजों का औसत आवागमन समय (पत्तन खाता) (दिनों में) 1.43 था जब कि वर्ष 2017-18 में यह 2.29 था. इसमें विगत वर्ष से 37.55 प्रतिशत सुधार दर्ज किया गया.

<u>वर्ष 2018-19 के लिए मुंबई पोर्ट का वित्तीय निष्पादन विशेषताएँ</u>

- परिचालन आय 1498.32 करोड रु. थी जब कि वर्ष 2017-18 में 1560.46 करोड रु. थी.यह मुख्य रूप से माल की कमी के कारण हुई है परिणाम स्वरूप गैर कंटेनरीकृत माल के आयात घाट शुल्क एवं निर्यात घाट शुल्क, पीओएल माल के निर्यात घाट शुल्क, कंटेनरीकृत माल के आयात घाट शुल्क, ओसीटी घाटों के राजस्व में कमी, कंटेनरों पर विलंब प्रभारों, गैर कंटेनरीकृत माल तथा भंडारण शुल्क में कमी हुई है तथा संयुक्त बॉक्स दर, सड़क मार्ग के कंटेनरों द्वारा जेएनपीटी के माल प्रवाह प्रभारों, नौभरण प्रभारों तथा रेलवे प्रभारों में भी कमी हुई है.

- प्रचालन अधिशेष 277.06 करोड़ रु. था जबकि 2017-18 में 334.54 करोड़ रु. था.

- कर से पहले लाभ (पीबीटी) की राशि (-) 607.04 करोड रु. थी जबकि वर्ष 2017- 18 में (-) 416.52 करोड रु. थी. 772.21 करोड़ रु. पेंशन निधि में अंशदान किया गया.

3. स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ भारत अभियान वर्ष भर चलने वाली प्रक्रिया है जिसे मुंबई पोर्ट ने ईमानदारी से लिया है. वर्ष के दौरान स्वच्छ भारत अभियान कार्यों पर 2,333.50 लाख रु. व्यय हुआ जो विशेष रूप से इंदिरा गोदी का कायापलट करने, आवासीय कालोनियों, कार्यालयों की सफाई, अंतर्गत सड़कों की मरम्मत, आवासीय कार्यालयों की रंगाई, मलनिकासी की सफाई तथा मरम्मत और स्टार्म जलप्रणाली की मरम्मत तथा सफाई पार्कों के सौंदर्यीकरण तथा सफाई, हार्बर जल की गुणवत्ता में सुधार तथा कूड़ा कचरा उठाने, ठोस कचरा प्रबंधन, खुले स्थानों आदि के सौंदर्यीकरण पर किया गया है. शिवड़ी में नव मल जल निकासी योजना तथा पर्यावरण अनुकूलन पार्क का निर्माण संदान में है. 16 से 30 सितम्बर, 2018 तक स्वछता पख़वाड़ा पूरा उत्साह के साथ मनाया गया जिसमें कार्यालय परिसरों तथा आवासीय कालोनियों में स्वच्छता अभियान लोक जागरूकता रैली, गली नाटक का आयोजन किया गया, इसी प्रकार अदभुत "गेट वे ऑफ इण्डिया" पर जन जागरूकता चलाया जा रहा है.

4. मुंपोट्र ने निम्नलिखित बडी परियोजनाओं को हाथ में लिया है जिनको मुख्यत: दो संवर्गों में बाँटा जा सकता है. अर्थात शहर तथा पत्तन संबंधित परियोजनाएँ :

(I) शहर संबंधित परियोजनाएँ

(i) अंतर्राष्ट्रीय क्रुझ टर्मिनल का विकास

इस परियोजना में एक अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय क्रुझ टर्मिनल के निर्माण का समावेश है जो 5000 यात्रियों तक की वहन क्षमता वाले क्रुझ पोतों की सम्हलाई करने में सक्षम होगा. इसका प्रचालन आरंभ होने से मुंपोट्र प्रतिवर्ष लगभग 200 क्रुझ पोतों की सम्हलाई करेगा ऐसी अपेक्षा है. इस प्रस्तावित टर्मिनल का निर्माण कुल निर्माण क्षेत्र 4.15 लाख वर्ग फीट पर होगा और उसका कुल प्रचालन क्षेत्र 1.7 लाख वर्ग फीट (लगभग) तथा डुबाव 10.5 मीटर होगा. टर्मिनल भवन में स्थानिय नागरिकों के लिए मनोरंजन, आराम तथा रिटेल सुविधा भी होगी.

(ii) कान्होजी आंग्रे द्वीप का पर्यटक गंतव्य स्थल के रुप में विकास करना

कान्होजी आंग्रे द्वीप को पर्यटक गंतव्य स्थल के रुप में विकसित किया जा रहा है. नौका अवतरण जेट्टी का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है. इस परियोजना में कम से कम दो भूमि आधारित साहसी क्रीडा गतिविधियाँ होगी. सॉफ्ट लँडस्केपिंग हेतु भूमि का 75% हिस्सा आबंटित किया गया है जो द्वीप पर पर्यटन के लिए योग्य परिवेश मुहैया करेगा तथा अभ्यागतों को शांति तथा एकांत प्रदान करेगा. द्वीप पर मौजूदा उपलब्ध भवनों का उपयोग पर्यटन को बढावा देने के उद्देश्य के लिए किया जायेगा, जिसमें पथ-दीप, सौर पॅनेलिंग, जैव-प्रसाधनगृह तथा पेयजल सुविधाएँ, रेस्तराँ/कॅफेटेरिया, जल-मल प्रक्रिया संयंत्र, कूडा कंपोस्ट तथा डिजल जनरेटर के साथ उर्जा की आवश्यकता के बॅकअप हेतु योग्य विशिष्टियों जैसी बुनियादी सुख-सुविधाएँ होगी. इसमें रैन-बसेरा, विरासत सडकें, जल-क्रीडा आदि सुविधाएँ भी होगी.

(iii) मरीना का विकास

मुंबई बंदरगाह पहले से ही सैकडों यॉटस् का घर रहा है जिसके कारण मुंबई में सर्व कालिन मरीना की माँग भी बढ रही है. मौजूदा प्रिंसेस गोदी क्षेत्र को मरीना के रुप में विकसित करने का प्रस्ताव है तथा मरीना के पीछे का शेष आधा क्षेत्र पूरक सुविधाओं जैसे कि रेस्तराँ, शॉपिंग मॉल, कार्यशाला, फ्युल स्टेशन आदि को विकसित करने हेतु उपयोग में लाया जायेगा. यहाँ पर बोट मरम्मत, बोट हार्ड, ड्रायस्टोरेज, फ्युल तथा जल आपूर्ति तथा कूडा कचरे का निपटान आदि सुविधाएँ भी मुहैया की जायेगी. मुंबई पोर्ट ने संभाव्यता तथा डीपी रिपोर्ट के लिए परामर्शदाता नियुक्त किया है. बोर्ड द्वारा DPR अनुमोदित किया गया है और स्थायी एवं वित्त समिति का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव मंत्रालय को भेजा गया है.

(iv) <u>तैरते रेस्तराँ का विकास</u>

गेटवे ऑफ इंडिया से दूर दो तैरते रेस्तराँ प्रचालित करने तथा गिरगाव चौपाटी स्थित एक तैरता रेस्तराँ प्रचालित करने को मंजूरी प्रदान की गयी है. दो तैरते रेस्तराँ का प्रचालन पहले ही आरंभ हो गया है.

(v) <u>वॉटर फ्रंट सी प्लेन्स, वॉटर स्पोर्ट्स, तैरते रेस्तराँ हेतु मरीन ड्राईव्ह स्थित जेट्टी</u>

प्रस्ताव में पर्यटन यात्री जलयान संचलनों, वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों तथा सी प्लेन प्रचालनो को चलाने के लिए गिरगांव चौपाटी स्थित 150 मीटर्स लंबाई x 4 मीटर्स चौडाई की आरसीसी बहुउद्देशिय (मल्टिपर्पज) जेट्टी के निर्माण का समावेश है. इससे यात्री टर्मिनल की सेवा मुहैया की जायेगी तथा 8/10 सीटर सी प्लेन, यात्री लाँचेस तथा वॉटर स्पोर्टस के प्रचालन की सुविधा होगी. सभी संबंधितों से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु कार्य चल रहा है.

(vi) <u>शिवडी से एलिफंटा के बीच रोप वे</u>

मुंबई शहर से दूर पूर्वी समुद्री पृष्ठभाग पर एलिफंटा एक बडा पर्यटन गंतव्य स्थल है. इस परियोजना में शिवडी और एलिफंटा द्वीप के बीच समुद्र पर दुनिया के सबसे लंबे रोप वे (लगभग 8 किमी) के निर्माण की परिकल्पना की है जिसमें सुलभ प्रचालन तथा पर्याप्त सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक के साथ बांधे गये दोनो टर्मिनलों के छोर पर सभी आवश्यक अवसंरचना होगी. एमसीझेडएमए ने प्रस्ताव को पहले ही अनुमति दी है और विचार विमर्श के लिए पर्यावरण व वन मंत्रालय को भेजा गया है. फिलहाल एएसआय से प्रस्ताव को अनुमति का इंतजार है.

(vii) <u>यातायात निकास योजना</u>

रो-पॅक्स, मरीना तथा घरेलू क्रूझ टर्मिनल जैसी पर्यटन परियोजनाओं के प्रारंभ होने से आसपास के क्षेत्रों जैसे कि मॅलेट रोड, ओजीपीडी जंक्शन, लिंक रोड, पी डिमेलो रोड, मुझावर पाखाडी रोड आदि में यात्रियों के वाहनों की भीड बढ रही है. इस भीड से निबटने के लिए यातायात निकास योजना तैयार की गई है जिसमें 2 नयी सडकों का निर्माण, वर्तमान सडकों को चौडा करना, ओजीपीडी स्थित रेल्वे ट्रॅक का कंक्रीटीकरण तथा पार्किंग क्षेत्र बनाना शामिल है. 3 भागों के कार्य पूरा हुआ है परिणामस्वरुप सम्पूर्ण यातायात उचित प्रकार से चल रही है, ट्रक की आवाजाही तथा अन्य यात्री वाहनों को अलग अलग किया गया है तथा ओजीपीडी गेट के आसपास की सड़कों पर ट्रकों की पार्किंग पूरी तरह हटा दी गयी है. रो पॅक्स मरीना तथा घरेलू क्रूज टर्मिनल के लिए अब एक स्वतंत्र प्रवेश मार्ग उपलब्ध है.

(viii) <u>कुलाबा स्थित बोटॅनिकल गार्डन</u>

मुंबई पोर्ट के पास कुलाबा में लगभग 46,000 वर्ग मीटर्स पर फैला हुआ सागर उपवन नाम का एक बोटॅनिकल गार्डन है जिसमें 1000 से अधिक वृक्ष तथा 3000 पौधे हैं. मुंबई पोर्ट द्वारा विकसित किये गये बोटॅनिकल गार्डन के उन्नयन तथा रखरखाव हेतु टाटा ट्रस्ट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं. गार्डन के उन्नयन तथा रखरखाव को टाटा ट्रस्ट को हस्तांतरित किया जायेगा. गॅप फंडिंग के जरिए ट्रस्ट उन्नयन तथा रखरखाव की वित्तीय जरुरतों को दस वर्ष की अवधि के लिए सहायता करेगा.

(ix) <u>ससून गोदी का आधुनिकीकरण</u>

महाराष्ट्र मत्स्य विकास महामंडल के जरिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा ससून गोदी के आधुनिकीकरण की परियोजना को निष्पादित किया जा रहा है. 550 टन प्रति दिन क्षमता के बर्फ संयंत्र का निर्माण, नीलामी कक्ष का निर्माण, जाली बुनने, मरम्मत करने की शेडस् तथा सडकों के निर्माण का कार्य पहले ही प्रदान किया गया है. इस परियोजना में स्वास्थ्य परिस्थितियों में सुधार, यातायात की भीड को कम करना तथा पर्यटन संभाव्यताओं का सृजन करने की परिकल्पना की गई है.

(x) <u>मुंपोट्र सुपरस्पेश्यालिटी अस्पताल</u>

वर्तमान तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा उनके परिवार सदस्यों के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु मुंबई पोर्ट के पास वडाला में 241 शय्याओं का एक अस्पताल है. इस परियोजना में पीपीपी तरीके से 600 शय्याओं के सुपर स्पेश्यालिटी अस्पताल की स्थापना की परिकल्पना की गयी है जिसके साथ एक मेडिकल कॉलेज विकसित करने का तथा अस्पताल का अधिक विस्तार करने का विकल्प भी रखा गया है.

(xi) <u>ॲक्सेस कंट्रोल सिस्टम</u>

इस परियोजना में ॲक्सेस कंट्रोल सिस्टम की आपूर्ति, संस्थापन, प्रचालनारंभ, रखरखाव, सहायता शामिल है. सिस्टम हेतु हार्डवेअर संस्थापित किया गया है तथा सॉफ्टवेअर का परीक्षण पूर्ण हुआ है. दैनिक वाहन परवानों को जारी करने हेतु पॅरेलल रन किया गया है जिसमें वाहनों का प्रवेश/निकास के साथ आरएफआयडी टैग सहित वाहन के विवरण का रिड डिस्प्ले शामिल है. अभ्यागत के मॉडयुल के लिए दैनिक परवाने का कार्यान्वयन शुरु किया गया है. कार्गो मॉड्यूल तथा ऑनलाईन परमिट मॉड्यूल के संशोधन की प्रक्रिया जारी है.

(xii) <u>मुंपोट्र संपदा में मल-जल शुद्धिकरण अभिक्रिया संयंत्र की स्थापना</u>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत मुंबई पोर्ट ट्रस्ट कुलाबा तथा वडाला तक फैली उसकी संपदा जिसमें गोदियों, कार्यालयों, रहिवासी क्षेत्रों तथा अन्य बाहरी क्षेत्रों में उत्पन्न हुए मलजल के लिए अपना 3 एमएलडी मल-जल शुद्धिकरण संयंत्र स्थापित करने की मंशा रखता है. इसका मकसद मुंपोट्र की संपदा में ठोस तथा द्रव अपशिष्ट प्रबंधन को कार्यान्वित करना है. अभिक्रिया किये गये जल की मेसर्स बीपीसीएल को आपूर्ति की जायेगी.

(xiii) <u>शिवडी में पारिस्थितिक तथा सांस्कृतिक उद्यान का विकास</u>

इस परियोजना का उद्देश्य शिवडी स्थित मुंपोट्र के पारिस्थितिकी तथा विरासत को जतन, संरक्षित तथा वृध्दिंगत करने के साथ-साथ नागरिकों तथा पर्यटकों के लिए अर्थपूर्ण तथा व्यापक पर्यटन अनुभव प्रदान करना है. इसमें शिवडी किले की ऐतिहासिक विरासत की सुरक्षा के साथ मडफ्लॅटस तथा मॅनग्रोव्हज की पारिस्थितिकी तथा जैवविविधता की सुरक्षा तथा वृद्धि करने की परिकल्पना भी की गयी है. इसमें पारिस्थितिकी का संरक्षण करते हुए विश्वस्तरीय पर्यटन के लिए योग्य अवसंरचना प्रदान करने का उद्देश्य है. यह परियोजना मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एम टी एच एल) के पूर्ण होने के साथ-साथ निष्पादित की जायेगी. परामर्शदाता को नियुक्त किया गया है तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को तैय्यार करने का कार्य प्रारंभ हुआ है.

(xiv) <u>वडाला-कुर्ला रेल जोडमार्ग</u>

यह परियोजना मुंपोट्र की ओर से मध्य रेलवे द्वारा कार्यान्वित की जा रही थी. परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) के पुनर्वसन / निष्कासन का कार्य स्पार्क, राज्य पुलिस तथा मुंपोट्र के साथ समन्वयन कर के एमएमआरडीए को सौंपा गया था. 1400 परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) मे से 1026 पीएपी के पुनर्वसन तथा पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण हुआ है. परियोजना समीक्षाधीन है.

(II) पत्तन संबंधित परियोजनाएँ

(i) <u>पाँचवा तेल घाट (22 दशलक्ष मेट्रिक टनों की क्षमता के साथ सबसे बडा तेल टर्मिनल)</u>

वर्तमान में मुंपोट्र के पास 4 तेल घाट हैं, अर्थात जे1, जे2, जे3 तथा जे4 जो जवाहर द्वीप स्थित हैं तथा वहाँ कच्चे तेल तथा पेट्रोलियम उत्पादों की सम्हलाई की जाती है. एचपीसीएल तथा बीपीसीएल के शुद्धिकरण संयंत्रो (रिफायनरीज) की क्षमता 19.80 दशलक्ष टन है जो विस्तार करने के बाद 22.80 दशलक्ष टनों तक बढेगी. इस परियोजना में सुएझ मॅक्स टैंकरों को सुविधा प्रदान करने के लिए एक गहरे डुबाववाले पोतघाट का निर्माण करने की परिकल्पना की गयी है जहाँ कच्चे तेल की सम्हलाई की क्षमता 22 एमएमटीपीए होगी. परियोजना 2019 के अंत तक पूर्ण होना अपेक्षित है.

(ii) <u>शहर की खपत हेतु जनेप न्यास के कंटेनरों का मुंबई पोर्ट को तटीय संचलन</u>

रोजाना लगभग 600 कंटेनर ट्रेलरों की जनेप न्यास से भिवंडी व्हाया ठाणे तथा वापसी यात्रा में आवाजाही होती है जिसमें औसतन 140 किमी की दूरी तय की जाती है. इसके परिणामस्वरुप लगभग 1200 माल से भरे ट्रकों का व्हाया ठाणे से प्रवेश तथा निकास होता है. जिसके कारण ठाणे में दो तरफा भीड और प्रदूषण होता है. इस परियोजना में पोर्ट बार्ज/पोत प्रचालनों की परिकल्पना की गई है जिसके परिणाम स्वरुप शहर में भीड कम होगी तथा तटीय रास्ते के जरिए भिवंडी से मुंबई शहर की खपत हेतु पोतभार यातायात को भिन्न रास्ते से लाकर पीपीपी तरीके से व्यापार के लिए मूल्य सृजन होने के साथ एण्ड टू एण्ड लॉजिस्टिक लागत के विषय में संभावित लागत में बचत हासिल करके व्यापार हेतु मूल्य सृजन होगा और इस परियोजना से मुंपोट्र की हरित पहल के प्रति वचनबद्धता भी सुनिश्चित होती है.

(iii) इंदिरा गोदी उन्नयन

इस परियोजना में ऐसे निर्माण कार्य का समावेश है जो इंदिरा गोदी जो कि समुद्री तेल टर्मिनल के बाद इस पोर्ट का मुख्य पोतभार सम्हलाई केंद्र है उसकी रचना में बदलाव करेगा. मौजूदा यार्डों तथा भंडारण क्षेत्रों, सडकों, जहाँ आवश्यक है वहाँ मल-जल निकास प्रणाली, गोदामों तथा प्रचालनिक भवनों की मरम्मत और रंगाई की जायेगी. जब सभी कार्य पूर्ण होंगे तब पोतभार का सुचारु संचालन होने के साथ-साथ इस महत्त्वपूर्ण पोतभार सम्हलाई क्षेत्र में पूरा परिवर्तन दिखायी देगा. 60% कार्य पूर्ण हुआ है तथा परियोजना दिसंबर 2019 तक पूर्ण होना अपेक्षित है.

(iv) ऑटोमोबाईल निर्यात केंद्र (हब)

1,50,000 वर्ग मीटर के स्वतंत्र भंडारण क्षेत्र के साथ मुंबई पोर्ट भारत के पश्चिमी तट पर ऑटोमोबाईल केंद्र (हब) होने की पूरी तैयारी में है. यह प्रेषणपूर्व निरीक्षण (पीडीआई) भंडारण हेतु प्रेषण पूर्व निरीक्षण सुविधाओं को मुहैया करता है तथा 30 नि:शुल्क दिनो की जहाज पर लदानपूर्व भंडारण सुविधा भी प्रदान करना है. नया अपतटीय कंटेनर टर्मिनल (न्यू ओसीटी) इन सुविधाओं को एक बडी सहायता प्रदान करता है.

(v) जवाहर द्वीप स्थित टैंक फार्म परियोजना

रु.700 करोड की अनुमानित लागत की इस परियोजना में जवाहर द्वीप स्थित भूमिउद्धार क्षेत्र पर टैंक फार्म बनाने की परिकल्पना की गयी है. वर्तमान में जवाहर द्वीप में कच्चा तेल प्राप्त होता है तथा वह 4 किमी लंबी अंत: समुद्री पाईपलाईन तथा 3 किमी लंबी तटीय पाईपलाईन के जरिए सीधे एचपीसीएल तथा बीपीसीएल की रिफाईनरियों तक पहुंचाया जाता है. भूमि उद्धार के बाद इस भूमि को 3.6 लाख कि.ली. क्षमता (6 x 60,000 कि.ली.) के कच्चे तेल के भंडारण हेतु टैंक फार्म के लिए उपयोग में लाया जायेगा. टैंक फार्म एचपीसीएल तथा बीपीसीएल द्वारा स्थापित किया जायेगा तथा इसके लिए जमीन पोर्ट द्वारा दी जायेगी. भूमि उध्दार का प्रथम चरण दिसंबर 2019 तक पूर्ण होना अपेक्षित है.

(vi) कोचिन शिपयार्ड द्वारा मुंपोट्र स्थित जहाज मरम्मत सुविधा का आधुनिकीकरण, प्रचालन तथा प्रबंधन

मुंबई में मुंपोट्र की ह्युजेस निर्जल गोदी (एचडीडी) जो भारत के पश्चिमी तट पर सबसे बडे निर्जल गोदियों में से एक है वहाँ एक विश्वस्तरिय जहाज मरम्मत सुविधा का विकास करने के लिए कोचिन शिपयार्ड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं. इससे भारत के जहाज मरम्मत उद्योग में एक नये युग की शुरुआत हुई है तथा विश्व के परदे पर अपना मजबूत अस्तित्व प्रकट किया है जिससे भारत के माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा पहल की गयी मेक इन इंडिया संकल्पना को मजबूती प्रदान की गयी है. भूमि का कुल क्षेत्र 43,000 वर्ग मीटर है तथा जल क्षेत्र 18,600 वर्ग मीटर है जो कोचिन शिपयार्ड को सुपुर्द किया जायेगा.

(vii) गोदियों में 24 x 7 घण्टे कार्य

एक ऐतिहासिक परिवर्तन में मुंबई पोर्ट ने 5.1.2018 से गोदियों तथा बाहरी क्षेत्रों में माल सम्हलाई कार्यों के लिए 24 घण्टे कार्य प्रारंभ किया है ताकि बेहतर प्रवाह क्षमता (Throughput) और उत्पादकता प्राप्त की जा सके और परिणामस्वरुप जहाज के आवागमन समय में कमी हो सके. इसके परिणामस्वरुप उपयोगकर्ताओं को कोई अतिरिक्त लागत के बिना माल सम्हलाई घंटो में 10% की वृध्दि हुई है.

(viii) <u>फ्लोटिंग स्टोरेज रिगैसिफिकेशन युनिट</u>

यह एक एसी परियोजना है जिसमे डॉल्फिनों पर रचना होगी. फ्लोटिंग स्टोरेज रिगैसफिकेशन युनिट (एफएसआरयू) पोत घाट की एक बाजू सें स्थिर होगा. इस एफएसआरयू को अंतरित एलएनजी को गैसिफिकेशन युनिट के जरिए गैस में रूपांतरित किया जायेगा और उसे बाद में अंत: समुद्री पाईपलाईनों से करंजा द्वीप स्थित उसके साथ जोडे गये गैस अॅथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के वर्तमान पाईपलाईन ग्रिड को अंतरित किया जायेगा. तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट आईआईटी, मद्रास द्वारा किया गया था. यह परियोजना करंजा लैण्डफॉल से लगभग 5.5 किमी दूर मुंबई पोर्ट सीमा के अंदर स्थापित की जायेगी जिसकी क्षमता 3 से 5 दशलक्ष टन होगी.

5. <u>अन्य पहल:</u>

(i) <u>पारदर्शी योजना:</u>

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट की पारदर्शी योजना इस अनोखी संकल्पना की पहल भ्रष्टाचार के दायरे को कम करने के लिए की गयी थी और प्रक्रियाओं और कार्यपध्दतियों को सरल बनाने के लिए इसे सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया था.

इस संकल्पना की मुख्य विशेषता मानसिक सोच में बदलाव, प्राक्कलन स्तर से अंतिम निष्पादन तक के चरण तक निविदा कार्य देखनेवाले अधिकारियों के लिए जिम्मेदारी प्राधिकारी मॅट्रीक्स, ई-भुगतान और ई-प्राप्तियाँ, साझेदारों की शिकायतों के लिए मोबाइल ऐप, संगणकीकृत पहुँच नियंत्रण प्रणाली तथा लायसेंस/परवाना/कागजातों की प्रस्तुति के लिए ई-आवेदनों का सृजन करना है.

इससे शिकायत निवारण प्रणाली का आरंभ, आबंटित व्हिसल ब्लोअर नीति (पर्दाफाश नीति), ऑनलाइन रीअल टाईम ग्राहक प्रतिसाद के साथ ई-सुशासन द्वारा भ्रष्टाचार को समाप्त करने में सहायता मिली है.

मुख्य सतर्कता आयोग ने इस अनोखी संकल्पना की प्रशंसा की है तथा 2017-18 के दौरान प्रकाशित उनकी वार्षिक रिपोर्ट 2016 में इसे शामिल करके स्वीकृति दी है.

(ii) <u>व्हिसल ब्लोअर (पर्दाफाश) नीति:</u>

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट ने "व्हिसल ब्लोअर (पर्दाफाश) नीति" को अपनाया है जिसमें शिकायतों को प्राप्त करने की प्रक्रियाएँ शामिल हैं जो भ्रष्टाचार के किसी आरोप का खुलासा करने अथवा अधिकारों का जानबूझकर दुरुपयोग करना अथवा मुंबई पोर्ट के किसी कर्मचारी द्वारा विवेक का जानबूझकर दुरुपयोग करना और इस प्रकार के खुलासे की जाँच करने अथवा जाँच के कारण बनना तथा इस प्रकार शिकायत करनेवाले व्यक्ति तथा इस घटना से संबंधित मामले में भुक्तभोगी को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने से संबंधित है.

(iii) अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिन:

आयुश मंत्रालय और पोत परिवहन मंत्रालय के दिशानिर्देशों को ध्यान में रखकर मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में 21 जून 2018 को अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिन मनाया गया. इस अवसर को यादगार बनाने के लिए मुंबई के नागरिकों के लिए आइकॉनिक गेट वे ऑफ इण्डिया पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें माननीय सांसद श्री अरविंद सावंत, प्रतिष्ठित उच्चाधिकारी, पुलिस, केऔसुब, स्कूली बच्चों, मुंबई के नागरिक तथा पोर्ट के कर्मचारी उपस्थित थे. इसके अलावा उसी दिन मुंपोट्र के कार्यालयीन परिसरों, आवासीय कालोनियों में योगा सत्र का आयोजन किया गया.

(iv) माननीय पोत परिवहन मंत्री के साथ यात्रा तथा व्यवसायिक भ्रातृसंघो से संपर्क

अंतर्राष्ट्रीय तथा अंतरदेशीय यात्रियों की बड़ी संख्या के बीच मांग उत्पन्न करने के लिए व्यवसाय तथा व्यवसयिक संस्थाओं से संपर्क प्रथम आवश्यकता है. टूर/ट्रावेल से संबंधित मामलों पर ध्यान देने के लिए ट्रावेल/आतिथ्य उद्योग की शीर्ष संस्था-एफएआयटीएच (फेथ) तथा टूर तथा व्यवसायिक भ्रातृसंघ जैसे टीएएआय, टीएएफआय, आयएटीओ, डीटीओआय इन अन्य संस्थाओं के साथ तथा कुछ बहुत ही विशिष्ट क्रूज/अंतर्गामी/ बहिर्गामी प्रचालकों के साथ होटल ट्रायडण्ट, मुंबई में दिनांक 5 जुलाई 2018 को एक संवादात्मक बैठक आयोजित की गई.

(v) मुंबई गोदी तथा तटीय नगरभाग की पुनर्कल्पना तथा सौंदर्यीकरण

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट समुद्री परिवहन तथा पर्यटन हब के रूप में मुंबई शहर के पूर्वीय तटीय नगर भाग की पुनर्कल्पना कर रहा है. इस दिशा में, मुंबई पोर्ट ने अब तक पहले ही अंतरदेशीय क्रुज टर्मिनल, मुंबई-गोवा क्रुज सेवाएँ, मुंबई बंदरगाह में तैरते रेस्तराँ तथा रो-पैक्स टर्मिनल जैसी परियोजनाएँ पूरी कर ली हैं. इस दिशा में एक कदम आगे बढाते हुए श्री संजय भाटीया, भा.प्र.से., अध्यक्ष ने महाराष्ट्र मेरीटाइम बोर्ड तथा उबेर के सहयोग से एक महत्वाकांक्षी उबेर वॉटर टैक्सी ॲप का लोकार्पण किया है. मुंबईकर अब तीन लोकप्रिय मार्गों पर अर्थात गेटवे ऑफ इंडिया, एलिफॅन्टा तथा मांडवा पर वॉटर टैक्सी सेवाएँ बुक कर सकेंगे. इस सेवा के लोकार्पण के मुंबई के पूर्वीय तटीय नगर भाग को समुद्री परिवहन तथा पर्यटन हब के रूप में मुंबईकरों के लाभार्थ शहर के समुद्री मार्ग परिवहन प्रणाली की व्यापक संभावनाएं खुलने से पोर्ट के स्वप्न को प्रोत्साहन मिलेगा.

6. मास्टर प्लान:

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट की भू-सम्पदाएं उत्कृष्ट सडक और रेल-जोड मार्ग के साथ कुछ बेहतर तटीय नगरभाग (वाटर फ्रन्ट) सम्पदाएं हैं जो मुंबई जैसे वाणिज्यिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण शहर में स्थित है. इस प्रकार यह भूमि पर्यटन और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढावा देने हेतु संबंधित वाटर फ्रंट आधारित विकास परियोजना के रूप में विकसित किये जाने हेतु सुअवसर देती है, जिसका मुंबई में इस समय अभाव है.

इसलिए, मुंपोट्र ने, यह निर्णय लिया है कि निम्नलिखित मुख्य गतविधियों के लिए पोर्ट की कुछ जमीन का इस्तेमाल कर कार्यान्वयन योग्य मास्टर प्लान विकिसत किया जाये:

(i) क्रुज पर्यटन तथा जल परिवहन की शुरुवात करके पोर्ट की संबंध्द गतिविधियाँ बढाना:

इसकी सफलता के लिए, अंतर्राष्ट्रीय क्रुज टर्मिनल का विकास, जल परिवहन टर्मिनल (यातायात की भीड-भाड का सामना करने के लिए) तथा मुंबई द्वीप के नौभार आवश्यकता तथा मुंबई व ठाणे रोड पर भीड़-भाड़ कम करने के लिए तटीय मार्ग का विकास (जेएनपीटी तथा मुंपोट्र के बीच, बार्ज प्रचालन) जैसी परियोजनाएं मुंपोट्र द्वारा निष्पादित की जा रही है. अंतर्राष्ट्रीय क्रुजों के लिए, प्रति वर्ष 2 दशलक्ष यात्रियों सहित 1000 जहाज के आने का 10 वर्ष का लक्ष्य प्रस्तावित है; तथा अंतरदेशीय क्रुज (भाऊचा धक्का स्थित अंतरदेशीय क्रुज टर्मिनल से चलाने) कान्होजी आंग्रे द्वीप, करंजा, मांडवा, जेएनपीटी, एलिफन्टा, नेरुल, वाशी तथा नवी मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट(एनएमआईए) के लिए वॉटर टैक्सी/केटामरान प्रस्तावित हैं, जिससे यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा तथा मुंबई की सड़को पर यातायात कम हो जाएगा. इस स्थान पर एक रो-पैक्स टर्मिनल भी प्रचालन के लिए तैयार है.

(ii) मुंबई शहर की आवश्यकताओं का पूरा करने के लिए 811 हैक्टर में से 253 हैक्टर मुंपोट्र भूमि का पुनर्विकास:

(बाकी 558 हैक्टर तथा मुंपोट्र भूमि पर वर्तमान गतिविधियां जारी रखी जाएं).
253 हैक्टर भूमि का पुनर्विकास प्रस्तावित है-

(ए) मुंबईकरों की जीवन शैली में सुधार लाने के लिए विभिन्न परियोजनाएं चलाकर जैसे 145 हैक्टर का सेंट्रल गार्डन, 11 कि मी तटीय नगर भाग विहार स्थान, बाढ नियंत्रण परियोजना, सांस्कृतिक पर्यटन तथा धरोहर सुरक्षा, कारोबार में सुगमता के लिए सीजीओ तथा एसजीओ कॉम्पलेक्स, संपोषणीय ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा (सस्टेनेबल) संपोर्षणीय पेय जल तथा विद्युत आपूर्ति परियोजना;

(बी) मुंबई की अर्थव्यवस्था में अत्याधुनिक तथा सुस्पष्ट शहर विकास मॉडल का कार्यान्वयन तथा रोजगार उत्पन्न करना. इसे फॉर्म बेस्ट कोड तथा सुस्पष्ट अधिकतम सार्वजनिक स्थलों की डीसीआर प्रणाली, सडकों का जाल, पादचारी मार्ग तथा आरकेडस्, साइक्लिंग प्रणाली, स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, शहर वैशिष्ट्य तथा सुरक्षा प्रणाली, जन सुख-सुविधाओं का उच्चतम स्तर तथा पार्किंग स्थलों द्वारा हासिल किया जा सकता है.

III. मुंबई शहर की जरुरतों को पूर्ण करने हेतु अतिरिक्त परियोजनाओं का विकास

ससून गोदी तथा भाऊचा धक्का स्थित मछुआरा समुदाय के लिए समावेशक योजना बनाना, सुपरस्पेशालिटी अस्पताल तथा स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र, दारुखाना का पुनर्वसन, झोपडपट्टी सुधार, पूर्व-पश्चिम जोड मार्ग का प्रारंभ आदि जैसी परियोजनाएँ संपूर्ण क्षेत्र के जीवनमान सूचकांक मे सुधार करेगी.

मुंपोट्र का मास्टर प्लान परंपरागत पत्तन तथा संबंध्द गतिविधियों के अनुरक्षण तथा अद्यायावत शहरी विकास के प्रारंभ का एक सटीक उदाहरण होगा जो आधुनिक तथा भविष्यदायी होगा.

7. कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर):

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट ने मंत्रालय द्वारा जारी किये गये मार्गदर्शक तत्वों के अनुसार अपनी सीएसआर नीति में बदलाव किया है तथा अभी निम्नलिखित क्षेत्रों का समावेश किया है:

(i) अत्यधिक भूखमारी तथा गरीबी उन्मूलन;
(ii) शिक्षा को बढावा देना;
(iii) स्त्री पुरुष समानता को बढावा देना तथा महिला सशक्तिकरण;
(iv) शिशु मृत्यु दर कम करना तथा मातृ-स्वास्थ्य में सुधार करना; तथा
(v) सेना दलों से सेवानिवृत, युध्द मे वीरगति प्राप्त हुए सैनिकों की विधवाओं तथा उनके आश्रितों के कल्याण के लिए उपाय.

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट ने "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" कार्यक्रम के अन्तर्गत मेसर्स अथर्व फाउन्डेशन के जरिए शहीदों की बेटियों को 100 लेपटॉप्स प्रदान किये है.

8. प्रशिक्षण

विभिन्न स्वरुप के विभिन्न विषयों पर आंतरिक और बाहरी अध्यापकों के माध्यम से प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए गए थे जैसे (i) पोर्ट यातायात एवं माल प्रचालन प्रबंधन, (ii) पोर्ट संरक्षा, सुरक्षा और अग्निशमन प्रबंधन, (iii) पोर्ट प्रचालन एवं कार्गो प्रबंधन में प्रौद्योगिकी/सूचना प्रौद्योगिकी का अधिष्ठापन. (iv) प्रशासनिक प्रबंधन, (v) वित्तीय प्रबंधन और (vi) व्यवहार विज्ञान और जीवन शैली प्रबंधन साथ ही सेवा-निवृत कर्मचारियों को, स्वयं-प्रेरणा, पूर्वाग्रह में बदलाव और कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन के मामले में रोकथाम एवं निवारण का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया.

9. खेल और सांस्कृतिक गतिविधियाँ:

वर्ष 2018-19 की अवधि के दौरान मुंबई पोर्ट ट्रस्ट द्वारा दो मेजर पोटर्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, अर्थात् हॉकी और वॉलीबॉल, जिसमें मुंपोट्र की टीमें क्रमशः विजेता और उपविजेता थीं. इन अवसरों पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर खेल जगत के दिग्गजों द्वारा प्रोत्साहन तथा मार्गदर्शन किया गया.

खेल के क्षेत्र में, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट की टीमें ऑल इंडिया मेजर पोटर्स टूर्नामेंटों में बॉडी-बिल्डिंग, टेबल टेनिस, क्रिकेट और कबड्डी में विजेता बनकर उभरी, जबकि टीमें वेट-लिफ्टिंग, बैडमिंटन, वॉली-बॉल और कैरम में उप-विजेता रही. मुंपोट्र टीम ने हॉकी में तीसरा स्थान प्राप्त किया.

घरेलू स्तर पर 45 खेल प्रशिणार्थियों को शामिल करने के साथ कुल मिलाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किये गये. क्रिकेट टीम ने मैंगलोर में आयोजित अखिल भारतीय कॉर्पोरेट शील्ड जीता और शिपिंग शील्ड में उपांत्य मैच खेला था. कबड्डी टीम मुंबई मेयर ट्रॉफी की विजेता थी तथा मुंबई जिला कबड्डी टूर्नामेंट में उप-विजेता थी.

10. अन्य महत्वपूर्ण विशेषताएं:

उत्कृष्ट प्रदर्शनकारियों को प्रेरित करने के लिए अध्यक्ष द्वारा शुरु की गयी "कॉफी विथ चेयरमैन" की एक अभिनव और नयी संकल्पना जारी रखी गयी तथा तिमाही के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवालों को उनके परिवार सहित अध्यक्ष के साथ कॉफी के लिए आमंत्रित किया जाता है और उन्हें स्मृति-चिह्न और प्रमाणपत्र दिए जाते हैं.

11. मैं सद्भाव-पूर्वक माननीय पोत परिवहन मंत्री और पोत परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों को उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करता हूँ. मैं सीमा शुल्क प्राधिकारियों, राज्य सरकार, रेलवे, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के न्यासियों, मुंबई और न्हावा शेवा शिप-एजेंटस् असोसिएशन (मान्सा), बॉम्बे कस्टमस् हाऊस एजेंटस् असोसिएशन (बीसीएचएए), इंडियन पल्सेस ॲण्ड ग्रेन्स असोसिएशन (आयपीजीए) और अन्य सेवा प्रदाताओं का उनके आवश्यक मार्गदर्शन एवं निरंतर समर्थन के लिए भी धन्यवाद करता हूँ, मैं हमारे मूल्यवान ग्राहक एवं पोर्ट उपभोक्ताओं जिनसे हमें सहकार्य और समर्थन प्राप्त हुआ है उनका भी धन्यवाद करना चाहता हूँ. पोर्ट प्रचालन में कार्यकुशलता में सुधार करने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करनेवाले श्रमिक नेताओं को मेरा सद्भाव पूर्वक धन्यवाद. मैं महत्वपूर्ण निर्णयों को लेने में उनकी प्रतिबद्धता के लिए न्यासी मंडल के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ. सर्वश्री पी.पी. भोंडे, पोर्ट सेफ्टी और फायर ऑफिसर और आय.एस.पी.एस. चड्ढा, सहायक पोर्ट सेफ्टी और फायर ऑफिसर ने वर्ष 2017 में जवाहर द्वीप में लगी बड़ी आग के अग्नि-शमन का कार्य साहसपूर्वक पूर्ण किया जिसके लिए उन्हें भारत के राष्ट्रपति के द्वारा "फायर सर्व्हिस मेडल फॉर गॅलन्ट्री" प्रदान किए जाने के लिए उनका चयन किया गया है उनको मैं हार्दिक बधाई देता हूँ. मै वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान उत्कृष्ट निष्पादनों के लिए सभी को हार्दिक बधाई देता हूँ.

12. सभी स्टेक होल्डरों द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए, मैं मुंबई पोर्ट का ग्राफ निरंतर उपर बढाने के लिए तथा भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उनके सहयोग और समर्थन की आशा करता हूं.

(संजय भाटिया)
अध्यक्ष

CHAIRMAN'S REPORT

I take great pleasure to present this Administration Report for the year ended 31st March 2019.

2. Mumbai Port Trust handled 60.59 Million Metric Tonnes Cargo during 2018-19, registering a marginal shortfall of 3.57% as compared to the last years traffic of 62.83 Million Metric Tonnes handled in 2017-18. Notwithstanding this, the Port has achieved following milestones in cargo handling:

Notable Achievements during the year 2018-19

- World's longest CCR reactor, 95 meters in length, weighing about 703 tonnes was exported on MV "Happy Sky" for Godrej Process Equipment, a division of Godrej & Boyce Mfg. Co. Ltd. consigned to M/s.Dangote Refinery in Nigeria.

- 182 metro coaches weighting 46.077 tonnes each, were loaded for Australia on 15 vessels, the highest ever in a year, in a bid to contribute to the "Make in India" campaign.

- Apart from cargo handling, Mumbai Port also encouraged Cruise Tourism (both international and domestic). 42 International Cruise Vessels called on Mumbai Port with 58,858 passengers during 2018-19.

- Domestic Container Terminal was inaugurated on 20.10.2018. To begin with, the Mumbai Port Trust has promoted a Domestic Cruise for Goa from 15, Victoria Dock Waterfront.

- Domestic Cruise Vessel "Angriya" commenced its operations from 24.10.2018, making 64 calls to Mumbai Port and handled 27,899 passengers during the year.

- For the first time in the history of MbPT, two full rakes received from Baramati and Rahuri were handled simultaneously in the docks to meet the schedule of export of raw sugar. The rakes were unloaded and released within the free period of 9.00 hrs.

- Highest ever shipment of sugar in bulk by loading 7,004 MT in a single day on 15.1.2019.

Efficiency parameters for the year 2018-19 as compared to 2017-18

(a) No. of ships entered the port were 5849 as against 5756 in 2017-18 an increase of 1.6% over the previous year.

(b) Average pre-berthing detention (Port Account)(in days) was 0.01 as compared to 0.59 in 2017-18 an improvement by 98.30% over the previous year.

(c) Average Turn Round Time of vessels (Port Account) (in days) was 1.43 as against 2.29 in 2017-18 registering an improvement of 37.55% over the previous year.

Mumbai Port's financial performance highlights for the year 2018-19

- Operating Income was Rs.1,498.32 crore as against Rs.1560.46 crore in 2017-18 mainly due to reduction in Cargo resulting in decrease in Import Wharfage & Export Wharfage of non-containerised cargo, Export Wharfage of POL cargo, Import Wharfage of Containerised Cargo, reduction in revenue share at OCT Berths, demurrage charges non-containerised and containerized cargo and storage fees on containers, and also decrease in composite box rate, cargo movement charges of JNPT by road containers, stevedoring charges and railway earnings.

- Operating Surplus was Rs.277.06 crore as against Rs.334.54 crore in 2017-18.

- Profit Before Tax (PBT) amounted to (-) Rs.607.04 crore as against (-) Rs.416.52 crore in 2017-18. Rs.772.21 crore was contributed to Pension Fund.

3. **Swachh Bharat Mission**

Swachh Bharat Abhiyan has been an ongoing process throughout the year and taken up earnestly by the Mumbai Port Trust. During the year, an expenditure of Rs.2,333.50 lakhs was incurred on the Swachh Bharat Abhiyan activities, mainly constituting of Face-lifting of Indira Dock, cleaning of residential colonies and office premises, maintenance of internal roads, painting of residential and office buildings, cleaning and repairing of drainage and storm water system, beautification and cleaning of parks, improvement of quality of harbour water, removal of garbage and solid waste management, beautification of open spaces, etc. Construction of new Sewage Treatment Plan and development of Eco Park at Sewri are on the anvil. The Swachhata Pakhwada from 16th to 30th September 2018 was observed with full gusto with a slew of cleanliness drives, rallies for public awareness, street plays in office premises and residential colonies as well as at the iconic "Gateway of India" for public awareness being carried out.

4. The MbPT has taken up the following major projects which could be broadly classified in two categories, i.e., City and Port Related Projects:

(I) CITY RELATED PROJECTS:

(i) Development of International Cruise Terminal

The project comprises of construction of a State of the Art International Cruise Terminal capable of handling Cruise Ships of upto 5000 passengers carrying capacity. With its commissioning, MbPT is expected to handle around 200 cruise ships per annum. The proposed terminal will be built on a total construction area of 4.15 lakh sq.ft. with total operational area of 1.7 lakh sq.ft. (approx.) and a draft of 10.5 m. The terminal building will also have a facility for recreation, leisure and retail for local citizens.

(ii) D**evelopment of Kanhoji Angre Island as a tourist destination**

Kanhoji Angre Island is being developed as a tourist destination. The work of construction of landing jetty is completed. The project will have at least two land based adventure sports activities. 75% of land is allocated for soft landscaping which will provide a suitable ambience for tourism at the island and shall provide calm and serene atmosphere for the visitors. The existing building structures present on the island will be used for the purpose of promoting tourism, including provision for basic amenities like streetlights, solar panelling, bio-toilets & drinking water facilities, restaurant/cafeteria, sewage treatment plant, waste compost and diesel generator with appropriate specification for back up energy requirement. It will also include night shelters, heritage walkways, water sports, etc.

(iii) Development of Marina

Mumbai Harbour is already a home to hundreds of yachts creating a great demand for an all-weather Marina in Mumbai. The existing Prince's Dock area is proposed to be developed as Marina and the balance half area behind the Marina will be used for developing complimentary facilities like restaurants, shopping malls, workshop, fuel station, etc. It will also provide for boat repairing, boat hard, dry storage, fuel and water supply and waste disposal etc. MbPT has appointed Consultants for preparation of feasibility and DP reports. The DPR approved by the Board and proposal has been sent to Ministry to obtain Standing & Finance Committee's approval.

(iv) Development of Floating Restaurants

Permission has been granted to two floating restaurants to operate off the Gateway of India and one floating restaurant to operate at Girgaum Chowpatty. 2 floating restaurants have already commenced operations.

(v) Jetty at Marine Drive for Water Front Sea Planes, Water Sports, Floating Restaurants

The proposal comprises of construction of 150 mtrs. long x 4 mtrs. wide RCC multi-purpose jetty at Girgaon Chowpatty to cater to tourist passenger craft movement, water sports activities and sea plane operations. This will serve as a Passenger Terminal and facilitate operation of 8/10 seater sea plane, passenger launches and water sports. Obtaining NOCs from all concerned authorities is in progress.

(vi) Ropeway between Sewree and Elephanta

Elephanta is a great tourist destination off Mumbai City on the Eastern Waterfront. The project envisages construction of the world's longest Ropeway Over Sea (approx. 8 kms.) between Sewree and Elephanta Island with all necessary infrastructure at both terminal ends built with modern technology for smooth operation and adequate safety. MCZMA has already cleared the proposal and referred to MOEF for its consideration. Meanwhile, clearance for the proposal from ASI is awaited.

(vii) Traffic Evacuation Plan

With the inception of tourism projects such as, Ro-Pax, Marina and Domestic Cruise Terminal, there is bound to be increase in traffic due to passenger vehicles in nearby areas such as Mallet Road, OGPD Junction, Link Road, P.D'Mello Road, Muzawar Pakhadi Road, etc. To ease out the congestion, the Traffic Evacuation Plan is prepared which consists of construction of 2 new roads, widening of existing roads, concretizing railway track at OGPD and parking area. Work for 3 parts has been completed resulting in entire traffic being properly channelized, truck movement and other passenger vehicles segregated and parking of trucks on the roads around OGPD Gate is completely removed. Exclusive access to Ro-Pax, Marina and Domestic Cruise Terminal is now provided.

(viii) Botanical Garden at Colaba

Mumbai Port has a botanical garden named Sagar Upvan at Colaba spread over approx. 46,000 sq.mtrs. with over 1000 trees and 3000 bushes. The Memorandum of Understanding has been signed with TATA Trust for upgradation and maintenance of the Botanical Garden developed by Mumbai Port. The maintenance and upgradation of the garden will be transferred to TATA Trust. The Trust would assist the financial needs of upgradation and the maintenance for a period of ten years by way of Gap Funding.

(ix) Modernisation of Sassoon Dock.

The project of Modernization of Sassoon Dock is being executed by the Government of Maharashtra through Maharashtra Fisheries Development Corporation. Work has already been awarded for construction of 550 T/day capacity Ice Plant, construction of Auction Hall, Net Mending Shed and Roads. The project envisages improvement of hygienic conditions, decongestion of traffic and creating tourism potential.

(x) MbPT Super-Speciality Hospital

Mumbai Port has a 241 bedded hospital at Wadala catering to the existing and retired employees, as well as their family members. The project envisages establishment of 600 bedded Super Speciality Hospital through PPP mode with an option to further develop a medical college and expansion of the hospital further.

(xi) Access Control System

The project involves supply, installation, commissioning, maintenance, support of Access Control System. The hardware for the System has been installed and Software testing has been completed. Parallel run for issuance of Daily Vehicle Permits including entry/exit vehicles with read display of vehicle information with RFID tag is under way. Implementation for Daily Permit for Visitor's Module has been started. Modification of Cargo Module and Online Permit module is under process.

(xii) Setting up of Sewage Treatment Plant in MbPT Estate

Mumbai Port Trust intends to set up its 3 MLD Sewage Treatment Plant for the sewage generated in its estate spread over from Colaba and Wadala, including docks, offices, residential areas and other outside areas under Swachh Bharat Abhiyan. This is to implement solid and liquid waste management in MbPT estate. The treated water will be supplied to M/s.BPCL.

(xiii) Development of Ecological and Cultural Park at Sewree

The aim of this project is to preserve, conserve and enhance the ecosystem and heritage of MbPT area at Sewree while making it meaningful and comprehensive tourism experience for the citizens and the tourists. It also envisages protection and enhancement of ecology and biodiversity of the mudflats and mangroves along with protection of historical heritage of the Sewree Fort. It aims at providing suitable infrastructure for world class tourism experience while preserving ecology. The project will be executed concurrent to completion of MTHL. Consultant has been appointed and the work of preparation of DPR has commenced.

(xiv) Wadala-Kurla Rail Link

This project was being implemented by Central Railway on behalf of MbPT. The work of rehabilitation/removal of Project Affected People (PAP) was assigned to MMRDA in co-ordination with SPARC, State Police & MbPT. Rehabilitation and resettlement of 1026 PAPs out of 1400 PAPs have been completed. The project is under review.

II. PORT RELATED PROJECTS:

(i) Fifth Oil Berth (Biggest Oil Terminal with capacity of 22 MMT)

MbPT at present has 4 Nos. of Oil berths, viz., J1, J2, J3 and J4 at Jawahar Dweep to handle crude and petroleum products. The capacity of the refineries of HPCL and BPCL is 19.80 MT which will increase to 22.80 MT after expansion. The project envisages construction of a deep drafted berth for catering to Suez Max Tankers with a capacity of 22 MMTPA to handle crude oil. The project is expected to be completed by the end of 2019.

(ii) Coastal Movement of JNPT Containers to Mumbai Port for City Consumption

Daily about 600 container trailers move from JNPT to Bhivandi via Thane and return covering a distance of 140 kms. on an average. This results in entry and exit of nearly 1200 cargo laden trucks via Thane causing two way congestion and pollution at Thane. The project envisages port barge/ship operations resulting in reduction of city's congestion and creation of value for trade on PPP mode by diverting cargo traffic meant for Mumbai City consumption from Bhivandi though the coastal route, create value for trade by achieving potential cost saving in terms of end to end logistic cost incurred and also the project ensures MbPT's commitment to the green initiative.

(iii) Indira Dock Upgradation

The project consists of works which will improve the look of Indira Dock which is the main cargo handling centre of the Port after the Marine Oil Terminal. The existing yards and storage areas, roads, drainage where necessary, sheds and operational buildings will be repaired and painted. All these work when completed will facilitate smooth movement of cargo as well as enhance the look of this prime cargo handling area. 60% work is completed and is expected to be completed by December 2019.

(iv) Automobile Export Hub

Mumbai Port is set to be the Automobile Hub on the West Coast of India with 1,50,000 sq.metres of dedicated storage area. It provides PDI facilities for PDI storage and pre-shipment storage facility of 30 free days. The New OCT provides a wide Apron for the facilities.

(v) Tank Farm Project at Jawahar Dweep

The project at an estimated cost of Rs.700 crores envisages setting Tank Farm on the reclaimed area at Jawahar Island. Presently the crude is received at Jawahar Dweep berth and directly pumped to HPCL and BPCL refineries through 4 km. long submarine pipeline and 3 km. long onshore pipeline. After reclamation the land will be used for the tank farm for storage of crude 3.6 lakhs KL capacity (6 x 60,000 KL). The Tank Farm will be set up by BPCL and HPCL and the land will be offered by the Port. Phase I reclamation is expected to be completed by December 2019.

(vi) Modernisation, Operation and Management of Ship Repair Facility at MbPT by Cochin Shipyard

Memorandum of Understanding has been signed with Cochin Ship Yard to develop a world class integrated ship repair facility at Mumbai at MbPT's Hughes Dry Dock (HDD) which is one of the largest graving dry dock on the western coast of India. It would usher a new era of ship repair industry in India and mark its strong presence on global scale thereby strengthening the concept of Make in India initiative by the Hon'ble Prime Minister of India. Total area, 43,000 sq.mt. of land and water area of 18,600 sq.mt. will be handed over to Cochin Shipyard.

(vii) 24 x 7 Working in Docks

In a historic development, Mumbai Port has begun 24 hours working for cargo handling operations in Docks and outlying areas from 5.1.2018 to achieve better throughput and productivity and consequent reduction in turnaround time of vessel. This has resulted in increase of 10% in cargo handling hours without any cost to the users.

(viii) Floating Storage Regasification Unit

This is a project wherein the structure will be on dolphins. The Floating Storage Regasification Unit (FSRU) will be stationed on one side of the berth. The LNG is transferred to this FSRU will be converted into gas through the gasification unit and then transferred through submarine pipelines connecting to the existing GAIL pipeline grid at Karanja Island. The technical feasibility study was carried out by IIT, Madras. The project with a capacity of 3 to 5 million tonnes will be located within Mumbai Port limit – about 5.5 kms. off Karanja Landfall.

5. Other Initiatives :

(i) **Transparency Plan:**

Transparency plan of Mumbai Port Trust, a novel concept was initiated to streamline the processes and procedures to reduce the scope of corruption and was successfully implemented in Mumbai Port Trust.

The main features of this concept was to create changing minds program, responsibility authority matrix for officials dealing with tender from stage of estimate to final execution, E-payments and E-receipts, Mobile App for stake-holders grievances, Computerized Access Control System and E-applications for Licenses/Permits/ Document submissions.

This has helped to eradicate corruption by introduction of Grievance Redressal System, Allocated Whistle Blower Policy, e-Governance along with online real–time customer feedback.

The CVC has appreciated this novel concept and has acknowledged the same by incorporating it in its Annual report 2016, published during 2017-18.

(ii) **Whistle Blower Policy.**

Mumbai Port Trust has enacted a "Whistle Blower Policy" which contains the procedure to receive complaints relating to disclosure on any allegation of corruption or willful misuse of power or willful misuse of discretion by any Mumbai Port Trust employee and to inquire or cause an inquiry into such disclosure and to provide adequate safeguards against victimization of the person making such complaint and for matters incidental hereto.

